**बिहार सरकार**
**स्वास्थ्य विभाग**

**अधिसूचना**

**सं0सं0–9/आ0–01–06/2024(स्वा0) ........................................./पटना, दिनांक ...............................**

डा0 अंजय कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, बिहारशरीफ, नालंदा के विरूद्ध जिला पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक–890/गो० दिनांक–26.1.2024 द्वारा श्रीमती दिव्या कुमार C/o श्री राजेश पासवान, ग्राम–गोबरिया, थाना–रहुई जिला–नालंदा के नवजात शिशु को दिनांक–17.01.2024 को SNCU सदर अस्पताल, नालंदा से अपने निजी क्लिनिक मुखिया जी श्रवण कुमार मेमोरिल अस्पताल में ले जाकर भर्ती करने व उनके परिजन से 50,000/– की राशि प्राप्त करने एवं समुचित चिकित्सीय सुविधा के अभाव में नवजात शिशु का मृत्यु होने का आरोप प्रतिवेदित है। इसके अतिरिक्त श्रीमती गुड्डी देवी एवं श्रीमती विभा कुमारी के नवजात शिशु को क्रमशः दिनांक–18.01.2024 एवं 20.01.2024 को SNCU सदर अस्पताल, नालदा से अपने निजी क्लिनिक में ले जाकर ईलाज करने का आरोप प्रतिवेदित है।

**2.** विभागीय अधिसूचना सं0–158(9) दिनांक–30.01.2024 द्वारा प्रतिवेदित आरोप के आलोक में डा0 कुमार को निलंबित करते हुए निलंबन अवधि हेतु मुख्यालय, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना निर्धारित किया गया।

**3.** डा0 कुमार को विभागीय कार्यवाही के अधीन रखते हुये अधिसूचना निर्गत की तिथि से निलंबन मुक्त करते हुए पदस्थापन की प्रतीक्षा में स्वास्थ्य विभाग में योगदान करने का निदेश दिया जाता है।

**4.** निलंबन अवधि का निर्णय विभागीय कार्यवाही के फलाफल के आधार पर लिया जायेगा।

**5.** इसमें सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**
**ह0/–**
**(उपेन्द्र राम)**
**सरकार के अवर सचिव।**

**ज्ञापांकः–9/आ0–01–06/2024(स्वा0)**..1348(9)....**/पटना, दिनांक**..26.12.24..........

**प्रतिलिपिः**–महालेखाकार (ले0 एव ह0) बिहार पटना/प्रभारी वित्त (वै0 दा0 नि0 को0) विभाग, बिहार, पटना/जिला पदाधिकारी, नालन्दा/संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवायें, पटना प्रमंडल, पटना/सिविल सर्जन, नालन्दा को सूचनार्थ एवं आवश्यक प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–माननीय मंत्री (स्वा0) के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वा0 विभाग के प्रधान आप्त सचिव/ निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार, पटना के निजी सहायक को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**– डा0 अंजय कुमार, तत्कालीन चिकित्सा पदाधिकारी, शिशु रोग विशेषज्ञ, सदर अस्पताल, बिहारशरीफ, नालंदा सम्प्रति निलंबित मुख्यालय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–प्रशाखा पदाधिकारी 2, 3, 7, 8, 10, 17 एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः**–आई0टी0 मैनेजर, स्वा0 विभाग को विभागीय वेबसाइट में प्रकाशनार्थ प्रेषित।

26/12/2024
**सरकार के अवर सचिव।**